Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

- **Year-** 17 **Issue-** 38
Ghaziabad, Sunday, 15 February- 2026
- 15 February to 21 February- 2026
- **Page:** 8

- **RNI.No:** UPBIL/2009/28691
- **DAVP Code:** 101473
- **Editor:** Dheeraj Kumar
- **Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.in
Email: editor@tbam.co.in



# योगी सरकार ने पेश किया 9.13 लाख करोड़ का बजट

## प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट

- 2025-26 की तुलना में आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर के आवंटन में 76 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी
- योगी सरकार की प्राथमिकता में किसान, कृषि योजनाओं के लिए 10,888 करोड़ रुपये
- महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड और उत्पाद विपणन योजना से आधी आबादी होगी और सशक्त
- 9 वर्षों में तीन गुना बढ़ा प्रदेश का बजट, यूपी बना अनलिमिटेड पोटेंशियल स्टेटः मुख्यमंत्री
- एसटीईएम और कौशल विकास को एआई मिशन से मिलेगी मजबूती

**टीबीसी संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को विधानसभा में योगी सरकार का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। 'नव निर्माण के नौ वर्ष' की थीम पर प्रस्तुत बजट 2026-27 का कुल आकार 9,12,696.35 करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है। आकार के लिहाज से योगी सरकार ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत किया है। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन को बताया कि यह बजट राज्य की बढ़ती आर्थिक क्षमता, निवेश के अनुकूल माहौल और सुदृढ़ राजकोषीय प्रबंधन का परिणाम है। यह बजट न केवल राज्य की आर्थिक मजबूती को दशार्ता है, बल्कि दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और सतत विकास की स्पष्ट रूपरेखा भी प्रस्तुत करता है। बजट 2026-27 सरकार की उस सोच को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें विकास, वित्तीय अनुशासन और भविष्य की तैयारी तीनों को समान महत्व दिया गया है। इस बजट में अन्नदाता किसान, युवा, महिला, छात्र-छात्राओं समेत हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

### शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि को प्राथमिकता

वित्त मंत्री ने बताया कि बजट में 19.5 प्रतिशत पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है, जो आधारभूत ढांचे, औद्योगिक विकास, सड़क, ऊर्जा और शहरी-ग्रामीण अधोसंरचना को नई गति देगा। पूंजीगत निवेश से रोजगार सृजन होगा और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। योगी सरकार ने सामाजिक क्षेत्रों को बजट में प्रमुख स्थान दिया है। इसके अंतर्गत शिक्षा के लिए कुल बजट का 12.4 प्रतिशत, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के लिए 6 प्रतिशत और कृषि एवं सम्बद्ध सेवाओं के लिए 9 प्रतिशत का आवंटन किया गया है। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार मानव संसाधन विकास और किसानों की आय बढ़ाने को विकास की धुरी मानकर चल रही है।

### डीजल से सोलर की ओर बड़ा कदम

बजट में विशेष रूप से कृषि विभाग के अंतर्गत डीजल पंप सेट को सोलर पंप में परिवर्तित करने की महत्वाकांक्षी योजना के लिए 637.84 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों की डीजल पर निर्भरता कम होगी, लागत घटेगी और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। यह कदम कृषि क्षेत्र में हरित ऊर्जा संक्रमण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### राजकोषीय घाटा 3 प्रतिशत की सीमा में

उन्होंने बताया कि 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजकोषीय घाटे की सीमा 3 प्रतिशत निर्धारित की गई है, जो वर्ष 2030-31 तक लागू रहेगी। सरकार ने स्पष्ट किया कि वह राजकोषीय अनुशासन से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा 1,18,480.59 करोड़ रुपये अनुमानित है, जो राज्य के अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 2.98 प्रतिशत है। यह 3 प्रतिशत की निर्धारित सीमा के भीतर है और वित्तीय अनुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। समग्र परिप्रेक्ष्य में, बजट 2026-27 में एक ओर जहां विकासोन्मुख नई योजनाओं का विस्तार है, वहीं दूसरी ओर राजस्व बचत और नियंत्रित राजकोषीय घाटे के माध्यम से वित्तीय स्थिरता बनाए रखने का स्पष्ट प्रयास किया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष और एफपीओ को मजबूती

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2026 को अंतर्राष्ट्रीय महिला किसान वर्ष घोषित किए जाने के मद्देनजर सरकार ने किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए रिवॉल्विंग फंड योजना के अंतर्गत 150 करोड़ रुपये का कोष नाबार्ड की सहभागी संस्था 'नैब किसान' के साथ मिलकर स्थापित करने का निर्णय लिया है। इसमें सरकार 75 करोड़ रुपये का अंशदान देगी। प्रत्येक पात्र एफपीओ को अधिकतम 50 लाख रुपये तक की ऋण सीमा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, यूपी एग्रीज के अंतर्गत प्रदेश में एग्री एक्सपोर्ट हब की स्थापना के लिए 245 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना और किसानों को वैश्विक बाजार से जोड़ना है। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत 38 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रदेश में 2 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त खाद्यान्न भंडारण क्षमता विकसित की जाएगी, जिसके लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, बजट में स्वच्छताकर्मियों को बड़ा तोहफा देते हुए उनके अकाउंट में सीधे 16 से 20 हजार रुपये भेजने का भी प्राविधान किया गया है। इसके लिए सारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। जल्द ही स्कीम का फायदा स्वच्छताकर्मियों को मिलेगा।

### शिक्षकों और कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा

बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, शिक्षामित्रों, विशेष शिक्षकों, अनुदेशकों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के कार्मिकों तथा पीएम पोषण योजना की रसोइयों एवं उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने के लिए 357.84 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है। माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए 89.25 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को निशुल्क सैनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे स्वास्थ्य, स्वच्छता और स्कूल उपस्थिति में सुधार की उम्मीद है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एआई प्रमाणन शुल्क प्रतिपूर्ति योजना हेतु 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के अंतर्गत मेधावी छात्रों के शिक्षा ऋण पर अतिरिक्त ब्याज सब्सिडी के लिए 30 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं।

### एमएसएमई और रोजगार को बढ़ावा

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के तहत सरदार वल्लभभाई पटेल इंप्लॉइमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन की स्थापना के लिए 575 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना के लिए 75 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है, जिससे स्थानीय खाद्य उत्पादों को पहचान और बाजार मिलेगा। इसके साथ ही, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अंतर्गत इंटरनेशनल फिल्म सिटी परियोजना को आगे बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे प्रदेश में फिल्म उद्योग और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### यूपी एआई मिशन और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर

आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के तहत 'उत्तर प्रदेश एआई मिशन' (यूपीएआई मिशन) शुरू किया जाएगा, जिसके अंतर्गत अगले तीन वर्षों में लगभग 2000 करोड़ रुपये के कार्यक्रम चरणबद्ध रूप से लागू किए जाएंगे। इसके लिए 225 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। स्टेट डाटा सेंटर 2.0 के लिए 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके साथ नियोजन विभाग के अंतर्गत स्टेट डाटा अथॉरिटी की स्थापना हेतु 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए 53 विभागों में 'जन विश्वास सिद्धांत' लागू किया जाएगा। इसके लिए 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### श्रमजीवी महिला छात्रावास के लिए 80 करोड़ रुपये का बजट

मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास योजना के अंतर्गत गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद और लखनऊ में निर्माण कार्य चल रहा है। अन्य जनपदों (अयोध्या, बरेली, अलीगढ़, मिजार्पुर, सहारनपुर एवं मुरादाबाद) में विस्तार के लिए 80 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। जनमानस के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एसजीपीजीआई में क्वाटर्नरी हेल्थ केयर सुविधा प्रारंभ करने के लिए 359 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही कैंसर मिशन के अंतर्गत हब एवं स्पोक मॉडल पर राज्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभागों तथा निजी क्षेत्र के समन्वय से कैंसर उपचार व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

### सिटी इकोनॉमिक रीजन योजनाः वाराणसी रीजन चयनित

केन्द्रीय बजट 2026-27 के अंतर्गत सिटी इकोनॉमिक रीजन योजना में 7 रीजन की पहचान की गई है, जिनमें वाराणसी रीजन भी शामिल है। नीति आयोग की जनवरी 2026 की रिपोर्ट में काशी-विन्ध्य क्षेत्र को 'इकोनॉमिक हब' के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है, जिसमें 34 प्राथमिकता परियोजनाओं के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल, पर्यटन, विनिर्माण, ऊर्जा और आवास क्षेत्रों में समेकित विकास किया जाएगा। यूपी बजट में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को उद्यमी बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### नई योजनाओं की भरमार

- सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन
- बायोप्लास्टिक औद्योगिक नीति-2024
- वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति

### कृषि एवं किसान

- मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना
- महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना
- पशुधन बीमा एवं जोखिम प्रबंधन योजना
- सहकारी चीनी मिलों का आधुनिकीकरण

### शिक्षा एवं कौशल

- ड्रीम स्किल लैब
- नए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
- छात्राओं हेतु प्रत्येक जनपद में छात्रावास
- टेक युवा-समर्थ युवा योजना

### स्वास्थ्य

- चार सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (पीपीपी मोड)
- ट्रॉमा सेंटर लेवल-2
- चिकित्सा महाविद्यालयों में छात्रावास

### आईटी व एआई

- उत्तर प्रदेश एआई मिशन
- स्टेट डेटा सेंटर
- डेटा सेंटर क्लस्टर
- यू-हब की स्थापना

### 'ग्रीन' और 'पिंक' बजट पर फोकस

- ग्रीन बजट टैगिंग 23.5% तक बढ़ाई गई।
- 242 करोड़ से अधिक पौधारोपण, 1 गीगावाट से अधिक सोलर क्षमता।
- मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण।

### विभागीय आवंटन में प्राथमिकताएं

- सबसे अधिक आवंटन प्राथमिक शिक्षा (80,997 करोड़), ऊर्जा (65,926 करोड़), गृह (44,145 करोड़) और लोक निर्माण विभाग (33,740 करोड़) को मिला है।

### बुनियादी ढांचा और निवेश

- 7 संचालित एयरपोर्ट, जेवर एयरपोर्ट शीघ्र शुरू
- 16,000+ स्टार्टअप, 8 यूनिकॉर्न
- 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश प्रस्ताव

### पर्यटन और धार्मिक अर्थव्यवस्था

- महाकुंभ 2025 में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु
- 234 गांव पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित
- लखनऊ 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी'

# Editorial

## The Meaning of the Bengali Mandate

Bangladesh has given a landslide mandate to Tarique Rahman's party, the BNP. It is undoubtedly unprecedented, unexpected, and historic. BNP candidates won 212 of the 300 seats in Parliament. For a man who spent 17 long years in exile in London, times and circumstances have suddenly changed, and his becoming Prime Minister is merely a formality. The Bengali people have given a mandate for a democratic, inclusive, progressive, women-empowering, and developing country, so this poses the most serious challenge for Tarique Rahman. The Islamist forces that declared Bangladesh a Muslim country governed by the law of Allah, i.e., Sharia, are the ones who supported the rule of these fundamentalists. The people have virtually rejected these jihadist, fundamentalist, and anti-Hindu forces. The 11-party alliance of Jamaat-e-Islami won only 74 seats. Pakistan and its intelligence agency, the ISI, General Munir, Prime Minister Shahbaz's "Islamic agenda," and the "Muslim Brotherhood" have been thwarted, as the BNP has also been in favor of keeping Pakistan at bay. This mandate comes after 18 months of radical forces' agitation under the guise of a student and youth uprising. The July Charter was then drafted, forcing Sheikh Hasina to flee the country. Over 70 percent of the people voted in favor of it. Prime Minister Modi, in his congratulations to Tarique Rahman, expressed the expectation and assurance that a democratic government will form a "new Bangladesh" after the overthrow of Prime Minister Sheikh Hasina. It is noteworthy that the BNP has returned to power in Bangladesh after nearly 20 years.This election was certainly not easy. During the voting, 14 areas witnessed widespread violence, including lathi-charges, bomb blasts at polling stations, and raids. Videos of fraudulent voting in the middle of the night exposed everything. Furthermore, over 4,000 attacks were carried out on minority Hindus, and their temples and idols of deities were vandalized. Yet, over 10 million Hindus cast their votes for democracy and a Bengali nation. Despite the ban on the Awami League, they voted for the BNP, thwarting the plot to create a "Muslim nation." A large number of women also gave their mandate to the BNP, the party that has remained in power and whose ideology is, by and large, not narrow or jihadist. However, that era of bloodshed, massacres, looting, and a collapsing economy is coming to an end. Now, Tariq Rahman's BNP has won a landslide majority, establishing him as a powerful leader.

Manisha Bhargava

# Want to inspire young athletes and help create champions: Shikhar Dhawan at Delhi Khel Mahakumbh 2026

**New Delhi.** Arjuna Awardee Shikhar Dhawan, the Brand Ambassador of the Delhi Khel Mahakumbh 2026, reaffirmed his commitment to inspiring the next generation of athletes and strengthening grassroots sport at the Chhatrasal Stadium in the capital on Friday.



Appointed as the Brand Ambassador of the first edition of Delhi Khel Mahakumbh, Dhawan addressed young athletes as Chief Minister of Delhi, Rekha Gupta launched the multi-sport initiative in the presence of Minister of Education and Sports, Ashish Sood.

Addressing thousands of young participants, Dhawan highlighted the importance of structured opportunities in shaping India's sporting future and underscored the need to combine participation with long-term pathways for athlete development.

Da One Group, founded by Dhawan, is the Sports Development Partner of the Delhi Khel Mahakumbh. The Group's philosophy of creating opportunities and providing exposure to athletes aligns closely with the objectives of the Delhi Khel Mahakumbh, an initiative of the Directorate of Education and Sports, Government of NCT of Delhi.

Shikhar Dhawan said, "I am deeply honoured to be part of the Delhi Khel Mahakumbh and to see so many young athletes stepping forward with passion and determination. Platforms like this give children the confidence they need to grow and unlock their potential. Through my journey as a professional athlete and now with Da One Sports, I have always believed that creating the right ecosystem is key to long-term success. My vision is to inspire young people and help create the champions of tomorrow. The Delhi Khel Mahakumbh reflects that vision, an environment where participation blends with opportunity, and where the next generation of athletes can begin shaping their own stories."

Anshita Gupta, CEO, Da One Group, said, "The Delhi Khel Mahakumbh reflects the scale and intent required to strengthen India's sporting ecosystem. As Sports Development Partner, Da One Sports is committed towards ensuring that participation is supported by mentorship, systems and long-term progression pathways. We are proud to align with an initiative that prioritises grassroots access and sustainable development. We look forward to contributing to an ecosystem that empowers young athletes with the right exposure and support." The inaugural edition of the Delhi Khel Mahakumbh 2026 features participation from thousands of young athletes across basketball, football, athletics, kabaddi, wrestling, squash and volleyball, with representation from all 12 districts of Delhi. The initiative aims to provide competitive exposure and strengthen grassroots sporting culture across the capital.

# From 12-year-old fan to cricket legend: Rahul Dravid at Chinnaswamy

**Bengaluru.** From a 12-year-old boy squinting over temporary stands to one of cricket's most revered icons, Rahul Dravid's journey came full circle at the 50th anniversary of the M. Chinnaswamy Stadium.

However, the magic of this day lay not just in the celebration of the stadium itself, but in the personal memories Dravid carried—of a boyhood shaped by passion, guidance, and tireless effort.

Speaking after Anil Kumble, Dravid admitted it was daunting to follow a legend. However, he quickly transported the audience back to 1981, when his father brought him to watch India face England.

"I was 12 or 13, eager to see my hero G.R. Viswanath bat. He lasted only a few runs against John Lever, but that day has stayed with me forever," he said, the nostalgia almost palpable.

However, childhood memories were only the beginning. KSCA summer camps under legendary coaches Kekki Tarapore, and watching peers like Sujith Somsundar



sharpen their skills, forged his love for cricket.

"This stadium became a second home. We spent more time here than at home—learning, celebrating victories, enduring disappointments. Everything I am today comes from what this ground gave me," Dravid reflected.

However, this journey was never solitary. Dravid paid heartfelt tribute to his father, whose unwavering love and insistence on taking him to matches nurtured his passion.

He also expressed pride in sharing the honor with Shanta Rangaswamy, a pioneer in women's sport. "To stand here alongside someone who broke barriers is deeply special," he said. However, talent alone is never enough. Mentors and teammates shaped his cricketing ethos. Dravid recalled Thimmappaiah and Nagaraj, who guided him during formative years, and the invaluable experience of facing bowlers like Kumble, Javagal Srinath, Venkatesh Prasad, Sunil Joshi, David Johnson, and Dodda Ganesh.

"If I didn't make it in international cricket, it was nobody's fault but my own," he said, underlining the high standards and unmatched guidance he received. However, the story of cricket in Karnataka is also one of unsung heroes. Dravid acknowledged officials such as Dr. Thimmappaiah, Mr. Kasturi Rangan, Mr. Bhagwath Chandrashekhar, and Mr. Sudhakar Rao, whose quiet dedication built a lasting legacy. He also lauded the KSCA committee and the Karnataka government for restoring cricket at the stadium after the ban following a stampede. "There were fears that cricket might never return to this iconic ground. Thanks to Venky Prasad and the committee, the game is back in its rightful home,".

# T20 World Cup: UAE beat Canada in dramatic finish

**New Delhi.** UAE registered their first win of ICC Men's T20 World Cup 2026 with a thrilling comeback win against Canada at the Arun Jaitley Stadium here on Friday. Chasing a target of 151, UAE clawed back from 66/4 in 12.3 overs to push across the finish line with five wickets and two balls to spare.

Aryansh Sharma (74 not out) and Sohaib Khan (51) were the ones who brought UAE back from the brink with a 84-run partnership in just 43 balls. After a slow start, Sharma made sure UAE ended powerplay on a positive note, scoring 17 runs in the sixth over to push his team to 39/1. He stood tall amidst the chaos, chipping away at the Canadian total to keep his team in the running.

He struck six fours and three sixes on the way to the highest score by a UAE player in the T20 World Cup. It was Sohaib Khan's 51 off 29 balls that galvanized the team. With four fours and four sixes, he took the attack to the Canadian bowlers just when they were starting to tighten the screws. UAE scored



56 runs in the last four overs to storm to the finish line. Saad Bin Zafar was the pick of the Canadian bowlers, snapping 3/14 in his four overs. Earlier in the day, Canada laboured to 150/7 after electing to bat. UAE pacer Junaid Siddique pushed Canada on the back foot right away, dismissing openers Bajwa and Samra. Muhammad Jawadullah made the perfect start as he claimed the wicket of Nicholas Kirton on the very first ball of his spell as Canada ended powerplay at 39/3. Navneet Dhaliwal and Harsh Thaker steadied the innings with a 58-run partnership. Thaker was the one that held down the fort for Canada, scoring 51 off 40 balls, with the help of three sixes and two fours. Dhaliwal contributed with 34 while Shreyas Movva chipped in with 21.

# शहर के साथ-साथ 2 साल में बदली है नगर निगम मुख्यालय की तस्वीर

## कार्यशैली को बेहतर करने के लिए कार्य स्थलों का बेहतर होना जरूरी: नगर आयुक्त

टीबीसी संवाददाता





**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में जहां गाजियाबाद में नगर निगम द्वारा बायोडायवर्सिटी पार्क, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, टीएसटीपी प्लांट, सी एम ग्रिड, स्पोर्ट्स कंपलेक्स, इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर, निगम स्कूलों में डिजिटल लैब, प्राकृतिक पेंट प्लांट की शुरूआत हुई है जिसके क्रम में शहर को नया स्वरूप देने के लिए स्कल्पचर के कार्यों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे शहर के कई प्रमुख चौराहों का सौंदर्यकारण होगा, शहर के प्रमुख मार्गो पर पेंटिंग के कार्य से भी शहर की सुंदरता को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, वर्तमान में गाजियाबाद विकास की दौड़ में सबसे आगे है इसी के साथ-साथ नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार नगर निगम मुख्यालय का स्वरूप भी बदलने का कार्य तेजी से चल रहा है, नवयुग मार्केट स्थित जर्जर हालत में दिखने वाला नगर निगम मुख्यालय अब नए स्वरूप में नजर आएगा मरम्मत के साथ-साथ एलिवेशन का कार्य जोरो से कराया जा रहा है साथ में बनी आई टी एम एस की बिल्डिंग को भी पूर्ण रूप से हाईटेक बनाया गया है जिसके माध्यम से जन समस्याओं के समाधान को भी रफ्तार दी जा रही है जिसमें मॉनिटरिंग को प्रबल किया गया है।

नवयुग मार्केट स्थित गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में प्रतिदिन शहर वासियों तथा शहर के बाहर से भी आगंतुकों का आवागमन बना रहता है आगंतुकों द्वारा ही, गाजियाबाद नगर निगम जहां शहर में विकास कर रहा है शहर को नया स्वरूप दे रहा है वही नगर निगम मुख्यालय को भी नयापन दिया जा रहा है, बताया गया है। पिछले 2 साल में नगर निगम में शौचालय की स्थिति को सुधर गया है, आगंतुकों हेतु वेटिंग एरिया भी व्यवस्थित किया गया है, अधिकारियों, कर्मचारियों के बैठने की स्थान को भी बेहतर किया गया है, इसी के साथ-साथ नगर निगम परिसर में बने पार्क को भी पूर्ण रूप से व्यवस्थित और सुंदर बनाया गया है, बोर्ड बैठक हेतु तथा माननीय कार्यकारिणी बैठक हेतु बने हुए कक्ष का भी जीर्णोद्धार किया गया है तथा पूर्ण रूप से सुंदर और सुसज्जित बनाया जा रहा है, लिफ्ट की व्यवस्था को भी बेहतर किया गया है, अधिकारियों तथा कर्मचारी की बैठक हेतु तीन बड़े मीटिंग हॉल भी तैयार किए गए हैं वर्चुअल बैठक हेतु बड़ी-बड़ी एलइडी स्क्रीन लगाने का कार्य भी किया गया है। मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय के जीर्णोद्धार का कार्य जोरों पर चल रहा है जिसमें आवश्यकता को देखते हुए कार्य कराए गए हैं इसके अलावा पुरानी इलेक्ट्रिसिटी की व्यवस्था को बदलते हुए सभी तारों को बदल गया है साथ ही प्रत्येक ताल पर लाइट के पैनल भी बदले गए हैं, अग्नि सुरक्षा संयंत्र भी सुचारु किया जा रहा है जिसमें फायर प्रोटक्शन सिस्टम भी लगाए गए हैं, सदन कक्ष में विशेष रूप से स्प्रिंकलर नोजल भी लगाए गए हैं। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह में सभी विभागों के बने हुए कार्य स्थलों का जायजा लिया जा रहा है जिसमें न केवल स्टाफ के बैठने की व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है बल्कि हर विभाग में आगंतुकों का आवागमन रहता है उसको ध्यान में रखते हुए भी बैठने की व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है। मुख्य समस्या फाइलों के रखरखाव की तथा स्टोर रूम की बनी हुई है जिसको ध्यान में रखते हुए तैयारी की जा रही है योजना बनाते हुए स्टोर रूम बनाने के लिए भी टीम को निर्देश दिए गए हैं, शहर हित में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय से कार्य किए जाते हैं जिसके लिए कार्यशैली का आधुनिक युग में हाईटेक होना बेहद जरूरी है कार्यशैली को बेहतर बनाने के लिए कार्य स्थलों का बेहतर होना उतना ही जरूरी है जिसके लिए अधिकांश आवश्यक कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, आगामी माह में नगर निगम मुख्यालय की पार्किंग व्यवस्था, नगर निगम की फाइलिंग हेतु स्टोर की व्यवस्था का कार्य कराया जाएगा, नगर निगम मुख्यालय के साथ-साथ जोनों में भी इसी क्रम में कार्य कराए जा रहे है जिनको सी एस आर के माध्यम से कराया जा रहा है।

# त्योहारों को लेकर पीस कमेटी बैठक आयोजित, एसीपी नंदग्राम ने की समीक्षा



टीबीसी संवाददाता


**गाजियाबाद।** आगामी महाशिवरात्रि, रमजान, होली और ईद-उल-फितर जैसे प्रमुख त्योहारों के मद्देनजर थाना सिहानी गेट में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद ने की। बैठक का उद्देश्य त्योहारों के दौरान क्षेत्र में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखना रहा।बैठक में डीवीएफ के पदाधिकारी, मंदिरों और मस्जिदों के पुजारी व मौलाना, पीस कमेटी के सदस्य तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने त्योहारों को मिल-जुलकर मनाने और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया।

### समन्वय से त्योहार मनाने की अपील

बैठक में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सोशल मीडिया पर फैलने वाली गलत खबरों पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या सूचना मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि त्योहारों के समय आपसी सहयोग बनाए रखें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।मंदिर और मस्जिद के प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने समुदाय से शांति बनाए रखने और किसी भी उकसावे में न आने की अपील करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हैं, इसलिए इन्हें शांतिपूर्ण तरीके से मनाना सभी की जिम्मेदारी है।

### अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान शांति भंग करने या अफवाह फैलाने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जाएगी।बैठक के अंत में सभी लोगों ने एकजुट होकर त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का संकल्प लिया और पुलिस-प्रशासन के साथ समन्वय बनाए रखने का भरोसा दिलाया। गाज़ियाबाद में आयोजित यह बैठक आगामी त्योहारों को लेकर सुरक्षा और सौहार्द सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं

## शिकायतों के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने किए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

**टीबीसी संवाददाता**



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इस दौरान अधिवक्ताओं और किसानों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु जिलाधिकारी महोदय को निवेदन किया गया। जनसुनवाई के दौरान एक विक्लांग युवक फुरकान निवासी डासना द्वारा डीएल बनवाने हेतु निवेदन किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा आरटीओ विभाग को निर्देशित किया गया कि उक्त का डीएल हेतु आवेदन सहित अन्य प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएं इसके साथ ही उक्त युवक को अन्य योजनाओं के तहत लाभ दिलाने हेतु भी सम्बंधित विभागाधिकारी हो निर्देशित किया गया। जिससे उसे अधिक से अधिक योजनाओं को लाभ प्राप्त हो सकें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिया गया।

जनता दर्शन में निरंतर प्राप्त होने वाली शिकायतों, समस्याओं और निवेदनों के निस्तारण एवं निवारण के क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देशित दिए गये। दिव्यांगजन कल्याण विभागः जिलाधिकारी महोदय ने दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया, जनपद में दिव्यांगजनों का चिन्हिकरण किया जाएं और उन्हें पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ई–वाईकिल सहित संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाएं। इस सम्बंध में यदि किसी विभाग द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है तो उसके लिए हमें अवगत कराएं। शस्त्र लाईसेंस (विरासत): जिलाधिकारी महोदय ने विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाने हेतु निर्देशित किया। कहा कि विरासत के आधार पर आवेदित शस्त्र लाइसेंस आवेदनों के सम्बन्ध में आवेदक किसी भी कार्यदिवस में शस्त्र अनुभाग, कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में सम्पर्क कर सकते है तथा शस्त्र लाइसेंस सम्बन्धी प्रकरणों में किसी भी प्रकार की शिकायत/असुविधा होने पर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क किया जा सकता है। अवैध कब्जा/भूमाफियाओं के खिलाफ अभियानः जिलाधिकारी महोदय द्वारा लोनी क्षेत्र से प्राप्त हो रही भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय और कमिश्नर महोदय द्वारा संयुक्त टीम गठित करते हुए लोनी को अवैध कब्जाधारियों/भूमाफियाओं से निजात दिलाने के लिए अभियान के तहत कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। इस टीम में एडीएम एल/ए, एसडीएम लोनी, एसीपी लोनी, एसीपी अंकुर विहार, एसीपी ट्रोनिका सिटी हैं।

यू0पी0नेडा, पीएम सूर्य घर योजनाः जिलाधिकारी महोदय ने अधिकारी यू0पी0नेड़ा सहित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया की जनकल्याण, पर्यावरण हित में चलाई जा रही पीएम सूर्य घर योजना का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाएं और प्रत्येक परिवार को इस योजना से आच्छांदित करने का हर सम्भव प्रयास किया जाएं। इस योजना के तहत लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार से सब्सिडी भी प्राप्त होगी।

नियोजन विभाग (फैमिली आईडी): जिलाधिकारी महोदय ने सम्बंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया वे फैमिली आईडी बनवाने पर विशेष ध्यान दिया जाएं, यह योजना जन कल्याण एवं जनहित में है जनता में इसके प्रति जागरूकता लाई जाएं। जिससे वह इस योजना के महत्व को समझते हुए लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि उक्त सभी कार्य युद्ध स्तर पर किये जाएं, उक्त से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना ना करना पड़ें। ऐसा कोई भी कार्य बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जिससे सरकार की छवि धूमिल हो।

अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं। जनता का उत्पीड़न किसी भी रूप में क्षमा योग्य नहीं हैं।


# बोर्ड परीक्षाओं व त्योहारों को लेकर पुलिस ने कसी कमर





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद में आगामी बोर्ड परीक्षाओं, त्योहारों और होली पर्व को शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था,यातायात राज करन नैय्यर द्वारा पुलिस लाइंस स्थित परमजीत हॉल में विशेष गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में पिछले तीन वर्षों के डायल-112 पर प्राप्त इवेंट, त्योहारों के दौरान सामने आए कानून-व्यवस्था संबंधी मामलों और सुरक्षा प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कमिश्नरेट के सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त और थाना प्रभारी मौजूद रहे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए तथा संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। इसके साथ ही होली और अन्य त्योहारों को देखते हुए मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी, गश्त और फ्लैग मार्च सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डायल-112 पर आने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण और बेहतर रिस्पॉन्स टाइम सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सतत निगरानी रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह या अवांछित गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। गोष्ठी में कहा गया कि परीक्षा और त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्थानीय स्तर पर समाज के प्रमुख लोगों से संवाद बनाए रखें और समन्वय के साथ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करें, ताकि सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें।



# मण्डलायुक्त ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

## सभी आवश्यक कार्यों का रजिस्टर बनाएं, अभिलेख प्रतिदिन अद्यतन किया जाएंः मण्डलायुक्त भानू चंद्र गोस्वामी

**टीबीसी संवाददाता**







**गाजियाबाद।** मेरठ मण्डलायुक्त भानू चंद्र गोस्वामी आई0ए0एस0 द्वारा कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया गया। कलेक्ट्रेट में आगमन पर मण्डलायुक्त महोदय को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी महोदय व मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मण्डलायुक्त महोदय ने महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में सभी अधिकारियों को अपने कार्यों में सुधारात्मक बदलाव लाने सहित आवश्यक दिशा–निर्देश दिए, तदोपरांत कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त महोदय द्वारा राजस्व लेखा विभाग, रिकार्ड रूम (फाईल्स/भूमि), भूलेख, संयुक्त कार्यालय, आर्मस सहित अन्य विभागों की फाईलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि आपके कार्यालय में जो भी कार्य होता है जिसका रिकार्ड रखना अनिवार्य है, का डाटा/रिकार्ड रजिस्टर/कम्प्यूटर में सुरक्षित रखा जाएं। रजिस्टर का अभिलेख प्रतिदिन अद्यतन किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि आपके पास कोई भी आवेदन/शिकायत आती है तो वह कब प्राप्त हुई, आपने कब क्या कार्यवाही की, अभी वह किसके पास लम्बित है, कब से लम्बित है, आपके द्वारा क्या किया गया, उक्त का जवाब आपके पास कब आया और आपके द्वारा उसका कब व क्या निस्तारण किया गया, का पूरा उल्लेख रजिस्टर में करना अनिवार्य है। उन्होने कहा कि अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानातंरण होते रहते हैं, यदि वह अपने पदभार की जानकारी रजिस्टरों में नहीं लिखेंगे तो उस पदभार को ग्रहण करने वाला व्यक्ति कैसे वह कार्य कर सकेगा, इसके लिए जरूरी है कि वे सभी कार्यों का उल्लेख रजिस्टर में रखें, जिससे कार्य में पारदर्शिता बनी रहें। मण्डलायुक्त महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने पटल के कार्यों का स्वयं निरंतर निरीक्षण व जांच करें कि उनके कर्मचारियों द्वारा सभी कार्यों को नियमानुसार किया जा रहा है या नहीं, उनके द्वारा रजिस्टर मेनटेन, रिकार्ड व सम्बंधित प्रपत्र सुरक्षित रखे जा रहे है या नहीं। यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी निदेर्शों का पालन व समझाने के बावजूद भी अपने दायित्वों के प्रति असंवेदनशील, लापरवाह या बेफिक्र है तो उसकी जवाबदेही तय करते हुए उस पर कार्यवाही की जाएं। उन्होने कहा कि प्रत्येक अधिकारी को उसके पटल के सभी कार्यों की जानकारी होनी चाहिए, इस बात का ध्यान रखा जाएं। कलेक्ट्रेट परिसर में साफ–सफाई व रिकार्ड सही रखे जाने पर सम्बंधित अधिकारियों की सराहना भी की गयी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम सिटी विकास कश्यप, एडीएम एल/ए अवनीश कुमार, एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम जे0 अंजूम बी0, सिटी मजिस्ट्रेट डा.सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सवर्ण महासभा ने यूजीसी के पुतले को गधे रूपी ई-रिक्शा पर बैठाकर शहर में जुलूस निकाला




**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सवर्ण महासभा द्वारा यूजीसी का विरोध अनोखे ढंग से किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने यूजीसी जैसे काले कानून का पुतला गधे रूपी ट्रीरी पर बैठाकर पूरे शहर में उसका जुलस निकाला तो यूजीसी के खिलाफ लोगों का सैलाब उमड पडा। यूजीसी के पुतले का जुलूस गधे रूपी ट्रीरी पर नवयुग मार्केट स्थित शहीद पथ से प्रारंभ होकर दुर्गा भाभी चौक,सिहानी गेट, चोपला मंदिर, घंटाघर पर समाप्त हुआ। जुलूस-प्रदर्शन की सबसे प्रमुख बात यह रही कि उसमें सभी सात सवर्ण वर्गों के प्रतिनिधियों अपने सर पर विरोध स्वरूप काला कफन बांधकर शामिल हुए। हाथों में विरोध पट्टका लिए हुए थे उन्होंने यूजीसी के काले कानून के प्रति अपना गुस्से का प्रदर्शन किया। ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान प्रवक्ता सवर्ण महासभा ने कहा कि मोदी सरकार या अब तक जितनी भी सरकारें भारत में बनीं, उन सभी ने सवर्ण समाज का एक गधे के रूप में इस्तेमाल किया और उसके ऊपर आरक्षण, टैक्स चोरी, उत्पीड़न जैसे ना जाने कितने कानून थोप डाले और सवर्ण समाज भी एक गधे की तरह ,बगैर किसी विरोध किए हुए सब कुछ सहन करता रहा। सवर्ण समाज अपने स्वार्थ, सम्मान, हित व अधिकारों की चिंता किए बिना समाज व देश के हित में कार्य करता रहा और देश को विकास के शिखर तक पहुंचाता रहा और सरकारें तरह-तरह के कानून बनाकर सवर्ण समाज का उत्पीडन करती रहीं। सरकारों की नजर में देश के कानून सिर्फ सवर्ण समाज के लिए ही हैं, अन्य वर्गों पर कोई कानून लागू ही नहीं होता है। सरकारों द्वारा सवर्ण समाज को दबाने-कुचलने के हर प्रकार के प्रयास करने के बावजूद उसने उफ तक नहीं की और समाज व देश हित में कार्य करता रहा, मगर अब सरकार ने यूजीसी के काले कानून द्वारा समाज के बच्चों व आने वाली पीढी को बर्बाद करने का षडयंत्र रचा तो समाज के लोगों की सहनशीलता ने जवाब दे दिया है। हम सवर्ण समाज के व्यक्ति अपने उपर किए जाने वाले हर प्रकार के उत्पीडन व जुल्म को सहन कर सकते हैं, मगर बात जब हमारे बच्चों के भविष्य की होगी तो हम चुप नहीं बैठेंगे और यूजीसी जैसे काले कानून को लागू नहीं देंगे, इसके लिए समाज का प्रत्येक व्यक्ति मरते दम तक लडने के लिए तैयार है। संयोजक सेवाराम त्यागी ने बताया कि यह प्रदर्शन उस उत्पीडन के विरोध का प्रतीक है, जो पिछले 75 सालों से सरकारे सवर्ण समाज के साथ करती आ रही हैं लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। जब तक आरक्षण व यूजीसी समूल रूप से समाप्त नहीं किया जाएगा तब तक पूरे देश में इस कानून के विरोध में प्रदर्शन जारी रहेंगे। संयोजक वी के अग्रवाल ने कहा कि इस विरोध प्रदर्शन को गाजियाबाद के सभी व्यापार मंडलों ने संपूर्ण समर्थन दिया है तथा जिस जगह से भी यह विरोध प्रदर्शन निकाला, व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान से बाहर आकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उन्होंने यह भी कहा कि अगले प्रदर्शन में वे भी अपना प्रतिष्ठान बंद करके सबके साथ चलेंगे। संयोजक एडवोकेट विनय कक्कड़ दें कहा कि सवर्ण समाज का उत्पीडन अब सहन नहीं किया जाएगा। अब सभी समाज एकजुट होकर अंतिम क्षण तक इस लड़ाई को लड़ेंगे। संयोजक सुरेश शर्मा ने कहा कि यह सरकार जगह-जगह हिंदू सम्मेलन तो कर रही है लेकिन हिंदुओं को खुद ही बांट रही है। दलित ओबीसी भी तो हिंदू ही है, उन्हें इस कानून से अलग करके इन्होंने हिंदू समाज के बीच विभाजन का नया षड्यंत्र रचा है, जिसे दलित व ओबीसी समाज भी समझ रहा है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सभी सवर्ण वर्गों के प्रतिनिधि शामिल हुए और यूजीसी कानून एवं आरक्षण कानून को समाप्त करने के लिए नारे लगाए तथा शहर के वर्तमान व पूर्व सवर्ण जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध भी अपना गुस्से का इजहार किया।



# मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने साहिबाबाद में नोटिस सुनवाई केंद्र का किया निरीक्षण






**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज जनपद भ्रमण के दौरान अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने नगर पालिका बालिका इण्टर कालेज, साहिबाबाद स्थित नोटिस सुनवाई केंद्र का निरीक्षण किया तथा हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में 53-लोनी, 54-मुरादनगर, 55-साहिबाबाद, 56-गाजियाबाद, 57-मोदीनगर एवं 58-धौलाना (आंशिक) के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से संवाद स्थापित किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सर्वप्रथम नगर निगम बालिका इण्टर कालेज स्थित नोटिस सुनवाई केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं, कार्यप्रणाली, शिकायत निस्तारण व्यवस्था एवं नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र पर उपस्थित नागरिकों एवं मतदाताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर सुझाव लिए एवं उक्त प्रक्रिया में उनके द्वारा दिए जा रहे उत्कृष्ट सहयोग की प्रशंसा की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नोटिस सुनवाई केंद्रों पर आने वाले नागरिकों के साथ शालीन व्यवहार, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है और प्रशासन का दायित्व है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान के अधिकार के प्रयोग में कोई असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने विभिन्न स्तरों पर मतदाता जागरूकता कैम्प लगाने के निर्देश दिए, जिससे अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को शामिल किया जा सके।

इसी तर्ज पर जनपद में नागरिकों की सुविधा हेतु बूथ एवं सोसाइटी स्तर पर 86 विशेष कैम्प आयोजित किए हैं। साथ ही सभी के सुविधा के लिए बीएलओ स्तर पर सुनवाई, वीडियो कॉल पर वेरिफिकेशन व सॉफ्ट कॉपी पर आईडी चेक करने की पहल के बारे में जानकारी दी गई।

निरीक्षण के उपरांत हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में आयोजित संवाद कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों से मतदाता सूची के अद्यतन कार्य, नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन, स्थानांतरण एवं विलोपन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों ने अपने अनुभव भी साझा किए व उनके अच्छे कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय ने अवगत कराया कि जनपद गाजियाबाद में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दिनांक 06.01.2026 को आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची में कुल 2019852 मतदाता सम्मिलित हैं, जिसमें से कुल 153048 मतदाता नो मैपिंग श्रेणी में तथा कुल 577689 मतदाता लॉजिकल डिस्क्रीपेंसी श्रेणी में है, इस प्रकार कुल 730737 (36 प्रतिशत) मतदाताओं को नोटिस जारी किये गये हैं, जिनके सापेक्ष 704726 (96.44 प्रतिशत) नोटिस जनरेट कर दिये गये हैं तथा 155882 (22.12 प्रतिशत) नोटिस बी.एल.ओ. द्वारा मतदाताओं को रिसीव कराये गये हैं, जिसमें से कुल 76558 (11 प्रतिशत) नोटिस की सुनवाई सम्बन्धित निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा पूर्ण कर ली गयी है। जनपद गाजियाबाद में नोटिस सुनवाई की प्रक्रिया दिनांक 15.03.2026 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया सुनिश्चित करने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य में विशेष सतर्कता बरतते हुए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल किया जाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नोटिस सुनवाई केंद्रों पर फार्म 6 एवं मैपिंग कार्य के लिए अधिक संख्या में नागरिक आ रहे हैं, वहां जिला प्रशासन द्वारा आवश्यकतानुसार कैंप आयोजित कर कार्य सुगमता से संपन्न कराया जाए, जिससे मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति, जनजागरूकता गतिविधियों तथा बीएलओ के माध्यम से किए जा रहे घर घर सत्यापन कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को संबोधित करते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए निष्ठा. ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में एसआईआर कार्यक्रम की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार सजगता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 39 बीएलओ, 11 बीएलओ के सुपरवाइजर्स, 06 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा 05 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ-साथ आर.डब्लू.ए. अध्यक्ष अतुल त्यागी, तनुज गम्भीर को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित भी किया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन और सतत सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया तथा आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन इस अभियान को पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ सफल बनाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी गाजियाबाद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद, नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद, उप जिलाधिकारी लोनी, अपर उप जिलाधिकारी गाजियाबाद, उप जिलाधिकारी मोदीनगर, उप जिलाधिकारी सदर एवं समस्त सुपरवाइजर तथा बी.एल.ओ.।

# अधिकारियों की टीम के साथ नगर आयुक्त पहुंचे दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर, महाशिवरात्रि के लिए चल रही तैयारी का लिया जायजा

## महाशिवरात्रि पर्व पर 24 घंटे अलर्ट रहेंगे निगम अधिकारी और टीमः नगर आयुक्त

**प्रतीक भार्गव**




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा महाशिवरात्रि पर्व को लेकर दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर का जायजा लिया गया मौके पर महंत नारायण गिरी जी से मुलाकात की तथा चल रही तैयारी के बारे में बताया गया, मंदिर के साथ-साथ आसपास क्षेत्र का भी भ्रमण किया गया मौके पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिली, महंत जी द्वारा प्रकाश व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए नगर आयुक्त के समक्ष विषय रखा, मौके पर उपस्थित निगम अधिकारियों द्वारा निगम की तरफ से चल रही तैयारी के बारे में बताया गया साथ ही अस्थाई प्रकाश व्यवस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए कार्यवाही प्रारंभ की जिसमें मंदिर परिसर के साथ-साथ मंदिर के बाहर वाले मार्गों को भी प्रकाश युक्त करने के लिए कार्य किया जा रहा है बताया गया, अस्थाई रूप से आकर्षक लिए भी लगाने का कार्य किया जाए नगर आयुक्त द्वारा प्रकाश विभाग को निर्देश दिए गए। दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पहुंचकर नगर आयुक्त ने सर्वप्रथम महादेव शंकर भगवान की पूजा अर्चना की उसके बाद महंत जी तथा अन्य उपस्थित पुजारी से भी बातचीत करते हुए महाशिवरात्रि के लिए चल रही तैयारी की जानकारी ली गई, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी की जा रही है पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ गंगाजल की व्यवस्था भी की गई है, गंगाजल के 6 टैंकर उपलब्ध कराने हेतु टीम को कहा गया है इसके अलावा सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं मंदिर परिसर तथा बाहर सफाई मित्रों की टीम सफाई व्यवस्था को बनाए रखेगी जिसके लिए अलग से टीम लगाई गई है' डस्टबिन भी मंदिर परिसर में और बाहर भी लगाए गए हैं पूजा सामग्री को उठाने के लिए गाड़ी भी उपलब्ध कराई गई है ' 24 घंटे सभी विभाग की टीम और अधिकारी अलर्ट रहेंगे, लाइटिंग व्यवस्था के साथ साथ जनरेटर की व्यवस्था भी कराई गई है 125 केवि के दो जनरेटर, था 62 केवि के दो जनरेटर उपलब्ध करा दिए गए हैं, निर्माण विभाग द्वारा बैरिकेडिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है पुलिस विभाग के साथ मिलकर गाजियाबाद नगर निगम बैरिकेडिंग की आवश्यक व्यवस्था कर रहा है मरम्मत में अन्य कार्य भी पूर्ण की जा चुके हैं इसके अलावा सीवर की टीम भी मौके पर 24 घंटे बनी रहेगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा मंदिर के पीछे वाली गलियों में भी टीम के साथ भ्रमण किया गया।

विशेष रूप से सफाई व्यवस्था को देखा गया इसी के साथ मंदिर के चारों तरफ के क्षेत्र में भी भ्रमण किया गया बेरीकेटिंग की व्यवस्था को देखा गया संबंधित अधिकारियो को मौके पर तत्काल कार्यवाही के लिए अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए, किसी प्रकार की लापरवाही ना हो ध्यान रखने के लिए कहा गया मंदिर में पधारने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भी सहयोग करने के लिए कहा गया, नगर आयुक्त द्वारा श्रद्धालुओं को भी श्रद्धा भक्ति के साथ-साथ स्वच्छता को भी मन में धारण करते हुए सहयोग की अपील की गई है मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, महाप्रबंधक जल के पी आनंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, जोनल प्रभारी सिटी जोन आरपी सिंह भी उपस्थित रहे।

# ओवरलोडिंग पर सख्तीः सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग का विशेष अभियान



**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोडिंग के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। शासन के निदेशों के क्रम में यह अभियान जनपद के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर प्रभावी रूप से संचालित किया गया। उक्त अभियान का संचालन अमित राजन राय, मनोज कुमार मिश्रा, राजेश्वर कुशवाहा एवं जीत बहादुर सिंह के नेतृत्व में किया गया। प्रवर्तन टीम द्वारा मालवाहक एवं वाणिज्यिक वाहनों की सघन जांच करते हुए नियमों के उल्लंघन पर त्वरित कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक भार वहन कर रहे वाहनों को रोककर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। अनेक वाहनों के चालान किए गए तथा गंभीर मामलों में वाहनों को सीज भी किया गया। इसके साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा बताया गया कि ओवरलोडिंग से वाहन संतुलन बिगड़ता है, ब्रेकिंग प्रणाली प्रभावित होती है तथा दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। इसे रोकना सड़क सुरक्षा के लिये अत्यंत आवश्यक है। परिवहन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि ऐसे विशेष अभियान आगे भी निरन्तर जारी रहेंगे। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। विभाग ने वाहन स्वामियों एवं चालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल में नेत्र एवं दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

**मनीषा भार्गव**







**गाजियाबाद।** न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल परिसर में आरएचएएम फाउंडेशन, इंटरैक्ट क्लब झ न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल तथा विभिन्न रोटरी क्लबों के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र एवं दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय पर जांच के माध्यम से रोगों की प्रारंभिक पहचान सुनिश्चित करना रहा।

इस संयुक्त परियोजना में अनेक रोटरी क्लबों की सक्रिय सहभागिता रही, जिनमें प्रमुख रूप से रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, इंदिरापुरम गैलोर, दिल्ली लिगेसी, गाजियाबाद ग्रीन, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद सैफ्रन, सोनीपत एजुकेशन सिटी, इंदिरापुरम परिवार, दिल्ली प्रीत विहार, हापुड़ एलीट एवं हापुड़ प्लेटिनम शामिल रहे। शिविर में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दंत जांच के अंतर्गत 180 विद्यार्थियों की जांच की गई, जबकि कक्षा 1 से 5 तक के 200 विद्यार्थियों की नेत्र जांच की गई। चिकित्सकीय सेवाएं यशोदा मेडिसिटी, क्लोव डेंटल तथा आई केयर आई हॉस्पिटल के सहयोग से प्रदान की गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श भी दिया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में पीडीजी रोटेरियन अशोक अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटेरियन अरुणा अग्रवाल एवं रोटेरियन राजेश गोयल ने की। रोटेरियन अजय चौधरी, विशिष्ट अतिथि रोटेरियन नरेश ढींगरा (जिला संयुक्त सचिव), स्कूल की निदेशक श्रीमती रुचि गुप्ता तथा संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. धीरज कुमार भार्गव भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। चिकित्सकीय टीम की ओर से यशोदा मेडिसिटी से वरुण शर्मा तथा क्लोव डेंटल से डॉ. सनी ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। यह शिविर बच्चों में नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को रेखांकित करने वाला एक सराहनीय प्रयास रहा। कार्यक्रम ने रोटरी की 'सेवा सर्वोपरि' भावना को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# कांच के निस्तारण हेतु निगम ने निकाला समाधान, कांच के वेस्ट से बनेंगे सुंदर और उपयोगी उत्पाद




**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा रिड्यूस रीयूज रीसाइकिल पर कार्य किया जा रहा है जहां शहर को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए भी अभियान तेज है वही नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर से निकलने वाले कांच के वेस्ट को भी निस्तारित करने की योजना बना रहे हैं जिसके क्रम में कांच की वेस्ट बोतलों का पुनः उपयोग करते हुए सुंदर उत्पाद बनाने का प्लांट शुरू किया गया है, अकबरपुर बहरामपुर विजयनगर में जहां पर निगम का एमआरएफ सेंटर है वही ग्लास अप साइकलिंग शुरूआत की भी शुरूआत की गई है जिसमें पुरानी, खराब, अन उपयोगी तथा कूड़े के ढेर से, नालियों में पड़ी रहने वाली कांच की बोतल का री यूज किया जा रहा है कांच की बोतल को नया स्वरूप देते हुए उपयोगी वस्तुएं बनाई जा रही हैं जैसे की कैंडल स्टैंड, पेन स्टैंड, आकर्षक स्टैच्यू, क्रोकरी आइटम, गिलास व अन्य बनाए जा रहे हैं, मौके पर उपस्थित पॉन्ड मैन ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात पर्यावरण विद् रामवीर सिंह तंवर द्वारा नगर निगम को शुभकामनाएं दी गई तथा शहर वासियों से सहयोग करने की अपील की गई। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया शहर की समस्या के समाधान के क्रम में कांच के वेस्ट का निस्तारण को सरल बनाया गया है जिसमें HORIZON INDUSTRIAL PARKS के द्वारा उरफके माध्यम से प्लांट की शुरूआत की गई है जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का भी सहयोग लिया गया है तथा सामाजिक संस्था से अर्थ का भी सहयोग लिया गया है, शहर से निकलने वाले कांच के वेस्ट का उपयोग किया जाएगा जिससे उपयोगी उत्पाद बनाए जाएंगे, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे, सराहनीय कार्य टीम द्वारा किया जा रहा है कांच के कचरे का सही प्रबंधन शहर की स्वच्छता के लिए अत्यंत आवश्यक है, पर्यावरण हित तथा शहर हित में गिलास अप साइकलिंग सेंटर आने वाले समय में उपयोगी सिद्ध होगा।

# 'यादव जी की लव स्टोरी' का रोमांटिक गीत लॉन्च, दिलों को छू लेने वाली प्रेम कहानी

## 27 फरवरी को सिनेमाघरों में

**प्रतीक भार्गव**



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में अक्सर माना जाता है कि जिन फिल्मों के शीर्षक में 'लव स्टोरी' जुड़ा होता है, वे दर्शकों के दिलों में खास जगह बना लेती हैं। वर्षों पहले कुमार गौरव और विजयंता पंडित की फिल्म लव स्टोरी ने बिना ज्यादा प्रचार के बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की थी। अब फरवरी के अंतिम सप्ताह में दर्शकों को एक बार फिर ऐसी ही रोमांटिक फिल्म देखने को मिलने वाली है।

ठाकुराणी प्रोडक्शन के बैनर तले निमार्ता संदीप तोमर की नई स्टारकास्ट के साथ बनी फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' 27 फरवरी को पूरे भारत में रिलीज होने जा रही है। हाल ही में नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में फिल्म के कलाकारों और पूरी टीम ने मीडिया से मुलाकात की। इस मौके पर फिल्म का रोमांटिक गीत 'थोड़ी थोड़ी सी' बेहद शानदार अंदाज में लॉन्च किया गया और टीम ने मीडिया के सवालों के खुलकर जवाब दिए।

फिल्म के निर्देशक अंकित भड़ाना ने बताया कि यह फिल्म भावनाओं से भरपूर एक साफ-सुथरी प्रेम कहानी है, जो दर्शकों को एक नया अनुभव देगी। उन्होंने कहा कि फिल्म की शूटिंग रिकॉर्ड ढाई महीने में पूरी हुई और इसका श्रेय पूरी टीम और कलाकारों की मेहनत को जाता है, जिन्होंने सुबह से देर रात तक लगातार काम किया। हालांकि निर्देशक ने कहानी को फिलहाल सीक्रेट रखते हुए दावा किया कि यह प्रेम कहानी संवेदनशीलता और मनोरंजन दोनों की कसौटी पर खरी उतरेगी।

फिल्म की लीड एक्ट्रेस प्रगति तिवारी इस अवसर पर बेहद उत्साहित नजर आईं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के जरिए उनका बड़े पर्दे पर आने का सपना पूरा हुआ है। प्रगति ने निर्देशक अंकित भड़ाना और निमार्ता संदीप तोमर तथा सहनिमार्ता रजत तनवर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरी टीम ने उनके हर कदम पर सहयोग और मार्गदर्शन दिया। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग दिल्ली-एनसीआर की विभिन्न वास्तविक लोकेशनों पर की गई है और फिल्म में उनका किरदार काफी दमदार है। कार्यक्रम के दौरान प्रगति ने अपनी मधुर आवाज में फिल्म का गीत 'थोड़ी थोड़ी सी' गाकर भी सुनाया, जिसे मीडिया ने खूब सराहा।

फिल्म का संगीत विष्णु नारायण ने दिया है, जबकि गीत प्रगति और रोहित सरधाना ने लिखे हैं। निमार्ता संदीप तोमर ने दर्शकों से अपील की कि वे 27 फरवरी को अपने परिवार और दोस्तों के साथ सिनेमाघरों में आकर इस रोमांटिक, मनोरंजक और मधुर संगीत से सजी प्रेम कहानी का आनंद लें।

फिल्म में प्रगति तिवारी, विशाल मोहन, अंकित भड़ाना, सुविंदर विक्की, मानसी, दीपक कपूर सहित कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा की

**टीबीसी संवाददाता**



**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज नोएडा के सेक्टर-38 में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में जनपद की कानून व्यवस्था की स्थिति और विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के साथ-साथ सभी विकास परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और योजना संचालन में पारदर्शिता बनी रहे। मुख्यमंत्री जी ने यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 28, ई-01 में फॉक्सकॉन द्वारा 48 एकड़ में लगभग 4000 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे विकसित उत्तर प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर पार्क के प्रस्तावित कार्यक्रम की भी समीक्षा की।

# रोटरी क्लब गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल व आरएचएएम फाउंडेशन ने पीएचसी साहिबाबाद में किया पोषण आहार का वितरण

**धीरज कुमार भार्गव**





**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत रोटरी क्लब गाजियाबाद नार्थ सेंट्रल और आरएचएएम फाउंडेशन (रहम) एवं डिस्ट्रिक्ट रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के संयुक्त तत्वावधान में पीएचसी सेंटर साहिबाबाद में गर्भवती महिलाओं को प्रोटीन सप्लीमेंट, जूस तथा विभिन्न पोषक आहार सामग्री वितरित की गई।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एनीमिया और कुपोषण जैसी समस्याओं से बचाव के लिए नियमित जांच और उचित पोषण को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है।

कार्यक्रम में टीबी के लक्षण, कारण, बचाव और उपचार की जानकारी भी दी गई तथा निःशुल्क सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, स्वच्छता और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई।

इस अवसर पर आरएचएएम के फाउण्डर धीरज कुमार भार्गव, विक्रम सिंह, संजय शर्मा, रोटरी क्लबों के सदस्यों सहित पीएचसी का चिकित्सा एवं सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, इंदिरापुरम गैलोर, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, दिल्ली लेगेसी, प्रीत विहार, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट और हापुड़ प्लेटिनमका महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# आरएचएएम फाउंडेशन ने गौशाला में गौवंशों को खिलाया हरा चारा




**मनीषा भार्गव**





**गाजियाबाद।** सेवा, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को आगे बढ़ाते हुए आरएचएएम फाउंडेशन ने लीडिंग क्लब रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रीन के सहयोग से एक नियमित गौसेवा अभियान प्रारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य गौवंशों के लिए पौष्टिक आहार की निरंतर व्यवस्था करना तथा समाज में पशु संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।

इस सेवा अभियान में रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफ्रन, इंदिरापुरम गैलोर, इंदिरापुरम परिवार, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, गाजियाबाद सनरेज, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, दिल्ली लेगेसी, प्रीत विहार, सोनीपत एजुकेशन सिटी, हापुड़ एलीट और हापुड़ प्लेटिनम सक्रिय रूप से सहभागिता निभा रहे हैं। सभी क्लब मिलकर इस मानवीय सेवा कार्य को निरंतर गति प्रदान कर रहे हैं। परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक बुधवार प्रातः कनावनी स्थित भारत गौशाला में गौवंशों के लिए ताजा हरा चारा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान गौशाला परिसर में सेवा कार्य करते हुए सदस्यों ने पशुओं के संरक्षण और उनके पोषण की आवश्यकता पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में आरएचएएम फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव, सचिव मनीषा भार्गव तथा रोटेरियन प्रतीक भार्गव उपस्थित रहे। यह सामूहिक प्रयास न केवल गौसेवा के प्रति समाज की जिम्मेदारी को रेखांकित करता है, बल्कि मानवीय मूल्यों, करुणा और स्थायी सामुदायिक सेवा के प्रति फाउंडेशन और सभी सहभागी रोटरी क्लबों की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है।

# छात्र-छात्राओं ने खाद्य सामग्री का किया वितरण





**धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल, 012 प्रताप विहार, विजय नगर गाजियाबाद के छात्र-छात्राओं द्वारा जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। यह सामाजिक सेवा कार्यक्रम स्कूल के 'इंटरैक्ट क्लब' के सौजन्य से, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के अंतर्गत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सीनियर विंग के छात्र-छात्राओं द्वारा गठित 'इंटरैक्ट क्लब' ने सक्रिय भूमिका निभाई। क्लब के सदस्यों ने पहले खाद्य सामग्री जैसे बिस्किट, चिप्स, फ्रूटी आदि का संग्रह एवं भंडारण किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्वयं आगे बढ़कर निराश्रित बच्चों एवं उनके परिजनों को सामग्री वितरित की। वितरण के दौरान छात्रों में उत्साह और सेवा भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती रूचि गुप्ता ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार और संवेदनशीलता को विकसित करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से बच्चों के मन में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना मजबूत होती है और वे मानवता के मूल्यों को व्यवहार में उतारना सीखते हैं।

प्रधानाचार्या ने आगे कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी बोध होना आवश्यक है। इस प्रकार के सेवा कार्य बच्चों को सामाजिक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनमें नेतृत्व क्षमता, सहयोग और समर्पण की भावना को भी विकसित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की और भविष्य में ऐसे और अधिक सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.